Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 29 रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कुरुद में गरजेंगे राहुल गांधी

केन्द्र के खिलाफ 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का होगा बड़ा शंखनाद

रायपुर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कांग्रेस के नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरे का मुख्य केंद्र कुरुद विधानसभा क्षेत्र होगा, जहां एक विशाल जनसभा के जरिए 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का आगाज किया जाएगा।

धमतरी और कुरुद का यह दौरा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली मनरेगा योजना पर केंद्रित है, जिससे छत्तीसगढ़ के लाखों ग्रामीण परिवार सीधे जुड़े हैं। कुरुद को सियासी केंद्र बनाकर कांग्रेस न केवल ग्रामीण वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है, बल्कि रोजगार गारंटी के मुद्दे पर सीधे केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी में है। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुरुद विधानसभा को इस दौरे के लिए चुनना एक सोची-समझी रणनीतिक चाल मानी जा रही है। रायपुर से धमतरी के रास्ते में पड़ने वाले इस क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और किसानों की भारी लामबंदी की योजना है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी स्थानीय मुद्दों और ग्रामीण संवाद के जरिए सीधा जुड़ाव बनाएंगे। इस सभा का सबसे बड़ा मुद्दा मनरेगा में केंद्र सरकार द्वारा किए गए हालिया संशोधनों का विरोध करना है। कांग्रेस का आरोप है कि सुधार की आड़ में इस रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। राहुल गांधी इस दौरान मनरेगा मजदूरों के अधिकारों और उनकी मजदूरी के भुगतान जैसे संवेदनशील विषयों पर अपनी बात रखेंगे।

कर्मचारियों-पेंशनभोगियों को अब साहब की मंजूरी का महीनों नहीं करना होगा इंतजार

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बड़ी राहत भरी खबर दी है। अब गंभीर बीमारी के इलाज के बाद भारी-भरकम बिलों के रीम्बर्समेंट के लिए सरकारी दफ्तरों की लंबी फाइलों और साहब की मंजूरी का महीनों इंतजार नहीं करना होगा। सरकार ने क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए वित्तीय शक्तियों का विकेंद्रीकरण कर दिया है।

केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला

16 फरवरी, 2026 को जारी नए ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार, अब मंत्रालयों के विभाग प्रमुख बिना किसी बाहरी वित्तीय सलाह के 10 लाख रुपये तक के मेडिकल क्लेम को सीधे मंजूरी दे सकेंगे। पहले की सीमा- केवल 5 लाख रुपये था अब 10 लाख रुपये तक के बिलों का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही हो जाएगा। अगर आप चाहते हैं कि आपका क्लेम बिना किसी देरी के पास हो, तो इन दो बातों का ध्यान रखना होगा।

नियमों का पालन- क्लेम में सीजीएचएस या सीएस (एमए) के मौजूदा नियमों में किसी भी प्रकार की छूट न मांगी गई हो। निर्धारित दरें- अस्पताल का बिल पूरी तरह से सरकार द्वारा तय दरों के अनुसार होना चाहिए।

नोट- यदि बिल सरकारी रेट से अधिक है और आप अतिरिक्त भुगतान के लिए छूट चाहते हैं, तो फाइल अभी भी पुरानी लंबी प्रक्रिया के तहत ही आगे बढ़ेगी।

सरकार ने क्लेम सेटलमेंट की लिमिट को भी 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। इसका सीधा फायदा उन लोगों को मिलेगा जिनके बिल पूरी तरह सरकारी दरों पर आधारित हैं। इससे भुगतान में होने वाली तकनीकी देरी को लगभग खत्म कर दिया गया है। इलाज के बाद पैसा वापस पाने की प्रक्रिया अब बेहद सरल है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के 6 महीने के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है।पेंशनभोगी अपने संबंधित वेलनेस सेंटर के सीएमओ को फाइल जमा करें।

जरूरी दस्तावेज की चेकलिस्ट- भरा हुआ क्लेम फॉर्म। डिस्चार्ज समरी और रेफरल स्लिप। अस्पताल के ओरिजिनल बिल और रसीदें। इमरजेंसी की स्थिति में इमरजेंसी सर्टिफिकेट। सीजीएचएस कार्ड की कॉपी और कैंसिल चेक। क्या आपको पता है कि अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस का किराया भी सरकार देती है? नियम के मुताबिक, शहर के भीतर एंबुलेंस का खर्च तब मिलता है जब डॉक्टर यह प्रमाणित कर दे कि मरीज की हालत ऐसी थी कि उसे किसी दूसरे वाहन से ले जाना जानलेवा हो सकता था।

ब्रेकिंग न्यूज

सुल्तानपुर कोर्ट में बयान दर्ज कराकर लौटे राहुल गांधी, अब 9 मार्च को अगली सुनवाई

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खुद को बेगुनाह बताया। कोर्ट ने मामले में सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है। करीब आधे घंटे तक कोर्ट कक्ष का दरवाजा बंद करके मानहानि मामले में धारा 313 के तहत बयान दर्ज करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान अदालत परिसर में समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही। कोर्ट कक्ष से लेकर बाहर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू रही। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। अब मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। जब बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

भारत आज पैक्स सिलिका में शामिल होगा, एआई-सप्लाई चेन सुरक्षा से जुड़ा है ट्रंप प्रशासन का ये प्रयास

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारत आज औपचारिक रूप से अमेरिका की अगुवाई वाली पहल पैक्स सिलिका में शामिल होने जा रहा है। यह पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बनाई गई है। यह घोषणा दिल्ली में चल रहे ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट यह अमेरिकी विदेश विभाग की प्रमुख पहल है। इसका मकसद एआई तकनीक को सुरक्षित तरीके से विकसित करना, महत्वपूर्ण सामान और संसाधनों की सप्लाई चेन को भरोसेमंद बनाना और सहयोगी देशों के बीच आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना है। इस पहल की घोषणा में कहा गया है कि मजबूत सप्लाई चेन आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। एआई भविष्य की समृद्धि और विकास की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, यूएई, सिंगापुर, इस्राइल, कतर और ग्रीस शामिल हैं। जबकि कनाडा, यूरोपीय संघ, नीदरलैंड्स और ताइवान जैसे देश इसमें भागीदार के रूप में जुड़े हैं।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, सुप्रीम कोर्ट कह रहा है कि केन्द्र-राज्य सरकारों को रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए मुफ्तखोरी नहीं।

चुहिया- हां जी, लेकिन ये तो वोट खरीदने का सशक्त फार्मूला है..!

नक्सलियों के खिलाफ साय सरकार काम कर रही है तो कांग्रेस को उसमें भी राजनीति दिख रही है : विजय शर्मा

कवर्धा, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्धारित समय सीमा के भीतर नक्सलियों को खत्म नहीं कर पाने वाले बयान पर तगड़ा प्रहार किया है. उन्होंने कहा कि पांच साल तक सरकार में रहने के दौरान अपने ही शहीदों के लिए कभी कुछ न कर पाए, और आज जब विष्णु देव साय की सरकार उस पर काम कर रही है, तो कांग्रेसियों को उसमें राजनीति दिखती है. धिक्कार है ऐसे लोगों को.

गृह मंत्री ने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के बयान पर किया प्रहार

छत्रपति शिवाजी की जयंती पर कवर्धा के शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी की भव्य प्रतिमा का उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अनावरण किया. इस दौरान उन्होंने पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के बयान पर कहा कि जब भी मैं झीरम घाटी को क्रास किया हूं, शहीदों को याद किया हूं, कांग्रेस वाले भले ही कहते हैं कि हमारे लोग हैं. लेकिन हम कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व था. उन्होंने अपना कहा, लेकिन अपनी 5 साल की सरकार में उनके लिए कभी कुछ नहीं किया. षड्यंत्र करते रहे.

12वीं बोर्ड परीक्षा शुरू : परीक्षार्थियों ने हल किया भूगोल एवं भौतिक शास्त्र का पर्चा

धमतरी, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई। पहले दिन बारहवीं के छात्र-छात्राएं भूगोल एवं भौतिक शास्त्र के पर्चे हल किया। जिले के करीब 85 केन्द्रो में आयोजित परीक्षा में 7812 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 तक ली गई। वही दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरु होगी। इसमें 10441 परीक्षार्थी शामिल होगें।

दिल्ली पब्लिक स्कूल संबलपुर परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

ज्ञात हो कि परीक्षा के एक दिन पूर्व सभी केन्द्रो में टेबल सीटिंग, रोल नंबर लेखन, सहित अन्य कार्य पूर्ण किये गये थे। ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। पर्चा हल कर बाहर निकले कुछ परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सरल तो कुछ परीक्षार्थियों ने कठिन बताया। आज दिल्ली पब्लिक स्कूल संबलपुर में भी परीक्षा केन्द्र बताया गया था। जहां परीक्षार्थियों के प्रवेश के पूर्व तिलक लगाकर स्वागत कर शुभकामनाएँ दी गई।

बागलकोट में शिवाजी जयंती जुलूस पर पथराव के बाद सांप्रदायिक तनाव

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के बागलकोट शहर में बृहस्पतिवार शाम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में निकाले गए जुलूस के दौरान पथराव की घटना के बाद सांप्रदायिक तनाव व्याप्त हो गया। इस हिंसा के बाद गुस्साई भीड़ ने एक मस्जिद के पास खड़ी हाथगाड़ियों में आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और एहतियात के तौर पर इलाके में भारी सिक्योरिटी तैनात कर दी है। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर मराठा समुदाय के सदस्यों द्वारा आयोजित यह जुलूस किले के अंदर अंबाभवानी मंदिर से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़क से होते हुए बसवेश्वर सर्कल की ओर बढ़ा और फिर वल्लभभाई चौक से होते हुए वापस किले की ओर चला गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब जुलूस रास्ते में एक मस्जिद के पास पहुंचा, तो कथित तौर पर छ्ष्ठ म्यूजिक का वॉल्यूम बढ़ा दिया गया और लोग नारे लगाने और डांस करने के लिए वहां रुक गए। मस्जिद के अंदर मौजूद लोगों ने तेज म्यूजिक पर एतराज जताया। मौके पर मौजूद पुलिसवालों ने कथित तौर पर मुस्लिम युवाओं से बात करने और तनाव कम करने के लिए मस्जिद में घुस गए। लेकिन, मामला तब बिगड़ गया जब एक अनजान आदमी ने कथित तौर पर जुलूस की तरफ चप्पल फेंकी, जिससे हंगामा मच गया। इसके तुरंत बाद, कुछ बदमाशों ने कथित तौर पर मस्जिद के अंदर से जुलूस की तरफ पत्थर फेंके। पुलिस ने बीच-बचाव किया, भीड़ को हटाने और जुलूस जारी रखने के लिए हल्का बल इस्तेमाल किया। इसके तुरंत बाद, कथित तौर पर कुछ लोगों ने मस्जिद के बाहर खड़े ठेलों में आग लगा दी।

12वीं की परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

अंबिकापुर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। आज सुबह 12वीं बोर्ड का पहला पेपर देने जा रहे दो छात्र एनएच- 43 मार्ग पर बाइक से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह मामला बतौली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, बेलकोटा निवासी निष्क एक्का और झेराडीह निवासी अनिकेश तिवारी 12वीं बोर्ड परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र जा रहे थे। इसी दौरान बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपारा-कुनकुरी मुख्य मार्ग पर उनकी बाइक सड़क किनारे पड़ी गिट्टी में फिसल गई। तेज रफ्तार के कारण बाइक करीब 20 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में निष्क एक्का की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिकेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बतौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्कूल में तंत्र-मंत्र से दहशत

क्लास रूम के बाहर बनाए तांत्रिक निशान टेबल-कुर्सी जलाकर अराजक तत्वों ने फैलाया डर

दुर्ग, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सरकारी स्कूल में एक बार फिर तंत्रङ्कमंत्र का मामला सामने आया है। अज्ञात तत्वों ने स्कूल में तंत्रङ्क मंत्र कर तोड़फोड़ को अंजाम देने के साथ ही पंखा चोरी कर लिया और फर्नीचर में आग लगा दी। इस घटना के बाद बच्चों और शिक्षकों में दहशत का माहौल है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है।

दुर्ग के केलाबाड़ी सरकारी स्कूल में एक तरफ विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी चल रही है, वहीं दूसरी तरफ स्कूल के एक कक्षा के टेबल-कुर्सी में तोड़फोड़, आग लगाने और पंखा चोरी करने के साथ ही दरवाजे में अश्लील गालियां लिख दी गई है। कक्षा के दरवाजे के सामने तांत्रिक क्रिया कर बच्चों और शिक्षकों को भयभीत करने का भी प्रयास किया गया है। क्लासरूम के बाहर चुनरी, माला और गोबर मिट्टी से तंत्रङ्कमंत्र जैसे निशान बने मिले। कक्षा के अंदर और बाहर सिंदूर का छिड़काव भी किया गया था। क्लास रूम में लगे पंखे को भी तोड़ दिया गया है। दुर्ग शहर के भीड़भाड़ इलाके के बीच स्थित केलाबाड़ी स्कूल में पहले से आठवीं तक की कक्षा संचालित है, जहां 130 बच्चे पढ़ते हैं। भीड़ वाले क्षेत्र में स्थित स्कूल में इस तरह की घटना होने के बाद स्कूल की प्रधान पाठिका शमा बेगम ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जानकारी देने के साथ ही पद्मनाभपुर पुलिस से भी शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही शिक्षा विभाग की तरफ से भी मामले की जांच की जा रही है।

केलाबाड़ी के इस स्कूल में तांत्रिक क्रिया कर स्कूल में पहले अध्यापन का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के साथ ही अलगङ्कअलग कक्षाओं में तोड़फोड़ कर टेबल-बैंच जलाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। स्कूल प्रबंधन की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों को तलाशने का काम शुरू कर दिया है। यह पहली बार नहीं है जब दुर्ग के सरकारी स्कूल में, तंत्र-मंत्र किया गया हो। इससे पहले कुछ माह पूर्व ही बोरसी के सरकारी स्कूल में तंत्र-मंत्र जैसी क्रिया की गई थी, जिसमें एक कोयल की बलि देकर तंत्र मंत्र में उपयोग की जाने वाली आकृति बनाई गई थी। स्कूल में भय का वातावरण बनाने का प्रयास किया गया था और अब केलाबाड़ी के इस स्कूल में भी कुछ इसी तरह का प्रयास किया गया है। अब सवाल यह उठता है को यह कौन लोग है, जो इस तरह की क्रियाकलाप कर बेवजह स्कूल का माहौल बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है।

छुट्टी पर घर लौट रहा आईटीबीपी का जवान लापता, गोरखपुर में मिला सामान

कांकेर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के चारामा थाना क्षेत्र से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। पंजाब में तैनात आईटीबीपी का एक जवान छुट्टी पर घर लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। जवान ने 7 फरवरी की रात परिजनों से फोन पर रायपुर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यूपी के गोरखपुर में उनका सामान मिलने से मामला और भी रहस्यमय हो गया है।

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम कसावाही निवासी जवान विनोद कुमार गोटी वर्तमान में पंजाब के लुधियाना स्थित आईटीबीपी पोस्ट पर पदस्थ है। जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी की रात करीब 10 बजे उन्होंने परिजनों से फोन पर बातचीत कर बताया था कि वे छुट्टी लेकर घर लौट रहे हैं। रायपुर पहुंचने के बाद उन्हें लेने आने के लिए कहा था। अगली सुबह जब उनके पिता ने संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला। परिजनों ने लगातार संपर्क करने का प्रयास किया इसी बीच रेलवे पुलिस गोरखपुर ने कॉल रिसीव कर जानकारी दी कि जवान का रेलवे से संबंधित सामान गोरखपुर में मिला है, जिसे छोड़कर वे कहीं चले गए हैं। सूचना मिलते ही चिंतित परिजन गोरखपुर पहुंचे, लेकिन वहां भी जवान का कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजन उनका सामान लेकर वापस कांकेर लौट आए हैं।